Aayushi International Interdisciplinary Research Journal (AIIRJ)
VOL- VIII | ISSUE- II | FEBRUARY | 2021 | PEER REVIEW e-JOURNAL | IMPACT FACTOR 7.149 | ISSN 2349-638x

# महाविद्यालयीन स्तर पर हॅण्डबॉल खेलनेवाले खिलाड़ीयों के व्यक्तित्व गुणविशेषों का विश्लेषणात्मक अध्ययन

**रेखा देवी**
गुरुद्वारा लेन, बक्षी नगर,
जम्मू, १८०००१

## १.० प्रस्तावना

खिलाड़ी समाज के अभिन्न अंग हैं। वे समाज में रहते हैं, बढ़ते हैं इसलिए समाज से प्रभावित गुण उनमें विकसित होते हैं परंतु उन्हे सामान्य व्यक्ति से कुछ भिन्न कार्य करना होते हैं, इसलिए उनके व्यक्तित्व गुण कुछ अलग होते हैं। प्रोफेसर पुनी के मतानुसार खिलाड़ीयों में तत्परता, शक्ति, सहनशीलता, लचीलापन, सही लक्ष्य साधन, धैर्य, दृढता, आत्म नियंत्रण, कृत्य संकल्पता, समय की समझ, संवेदना, एकरूपता, बौध्दिक कुशलता और नेतृत्व की क्षमता होना आवश्यक है। खिलाड़ीयों के व्यक्तिमत्व की परख तब होती है जब वे किसी प्रशिक्षण या प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हैं। खेल प्रतियोगिताओं द्वारा खिलाड़ी अपनी प्रतिभाओं, कौशल, क्षमताओं, शक्तियों, आदि का प्रदर्शन करता है। इस प्रदर्शन के पीछे श्रेष्ठता, सम्मान, पुरस्कार, आदि की भावनाएँ छिपी रहती हैं। इस सबका मूल्यांकन और पूर्वानुमान मनोविज्ञान के सिध्दांतों पर करना आवश्यक है।

मनोवैज्ञानिकों का अभिमत है कि खेल में मानसिक और शारीरिक अनुकूलता आवश्यक है। खेल के मैदान में खिलाड़ी का व्यवहार बाहय उत्तेजकों और नियंत्रणों पर निर्भर है। प्रत्येक खिलाड़ी अपनी समझ, शारीरिक एवं मानसिक शक्तियों का उपयोग खेल में विजय प्राप्त करने में लगा देता है। इसके लिए कौशल का अभ्यास, समायोजन की क्षमता, समूहनिष्ठा, अंग संचालन और नियंत्रण, मानसिक तत्परता, उच्च उपलब्धि की आकांक्षा एवं श्रेष्ठतम प्रदर्शन की आकांक्षा आवश्यक है। खेल मनोविज्ञान से ही खिलाड़ीयों के समस्त मानसिक व्यवहार का पता चलता है तथा खिलाड़ीयों की वैयक्तिक विशेषताएँ तथा सीमाएँ ज्ञात हो जाती हैं जिसके आधार पर प्रशिक्षक, प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार कर सकते हैं। आज हॅण्डबॉल खेल की लोकप्रियता चरम सीमा पर है। यह खेल केवल क्रीडास्पर्धा ही नही बल्की युवाओं के सर्वांगीण विकास का एक माध्यम बन चुका है। इस खेल से जुडे खिलाड़ीयोंको जिस प्रतियोगिता का सामना करना पडता है। उससे उनमे तनाव पैदा होने की बहोत अधिक संभावना है। इसके चलते, इस अनंसंधान कार्य में महाविद्यालयीन स्तर पर हॅण्डबॉल खेलनेवाले खिलाड़ीयों के व्यक्तित्व गुणविशेषों का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है।

## २.० अनुसंधान पध्दती

### २.१ विषयो का चुनाव

इसके अंतर्गत जम्मू जिले के विभिन्न महाविद्यालययो में पढनेवाले १५० महिला हॅण्डबॉल खिलाड़ीयों का चयन किया गया। खिलाड़ीयों की उम्र १८ से २३ वर्ष के बीच थी और खिलाड़ीयों का चुनाव यादृच्छिक पध्दती से किया गया।

### २.२ तथ्य संकलन के उपकरण

आंकड़ों के संकलन हेतू सर्वेक्षण पध्दती का उपयोग किया गया। जिसमें मुख्य रूप से हॅण्डबॉल खेलनेवाले खिलाड़ीयों के व्यक्तित्व गुणविशेषताओ की जानकारी प्राप्त करने के लिये मानकीकृत प्रश्नावलीका उपयोग किया गया। हॅण्डबॉल खिलाड़ीयों के व्यक्तित्व गुणविशेषों का मापन श्री. अज्ञजीत सिंह तथा श्री एच. एस. चीमा द्वारा निर्मित स्पोर्ट्स स्पेसीफिक पर्सनालिटी टेस्ट द्वारा किया गया।

### २.३ सांख्यिकीय विश्लेषण

तथ्य विश्लेषण व निर्वचन सारणी करण के पश्चात सांख्यिकीय सारणियों का नियम बद्ध व उद्देश्य पूर्ण विश्लेषण किया किया गया। निर्वचन

के पश्चात निष्कर्ष निकाले गये। श्बेप ुंतमश ज्मेज का चयन कीया गया। Significance level 0.05 तय की गयी।

### ३.० तथ्यों का विश्लेषण एवं अध्ययन का परिणाम

### ३.१ समाजशीलता व्यक्तित्व गुण विशेष

**तालिका क्र. १:** हॅण्डबॉल खिलाड़ीयों के समाजशीलता व्यक्तित्व गुण विशेष स्तरकी जानकारी

| निष्पादन स्तर | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| **औसत से अधिक** | ७५ | ५०.० |
| **औसत** | ५१ | ३४.० |
| **निम्न** | २४ | १६.० |
| कुल | **१५०** | **१००.०** |

**काई–वर्गमूल्य**: २६.०४; **स्वातंत्र्यांश**: २;

**Pमूल्य**= <0.05; **तालिका मूल्य**:५.९९

तालिका क्रमांक १ में जम्मू जिले के महाविद्यालयीन स्तर पर हॅण्डबॉल खेलनेवाले खिलाड़ीयों के समाजशीलता व्यक्तित्व गुण विशेष की जानकारी प्रस्तुत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ५०.० प्रतिशत हॅण्डबॉल खिलाड़ीयों की समाजशीलता का निष्पादन औसत से अधिक है, तथा ३४.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की समाजशीलता का निष्पादन औसत और १६.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की समाजशीलता का निष्पादन निम्न स्तर का पाया गया।

### ३.२ प्रभावकारीता व्यक्तित्व गुण विशेष

**तालिका क्र. २:** हॅण्डबॉल खिलाड़ीयों के प्रभावकारीता व्यक्तित्व गुण विशेष स्तर की जानकारी

| निष्पादन स्तर | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| **औसत से अधिक** | १२ | ८.० |
| **औसत** | ३९ | २६.० |
| **निम्न** | ९९ | ६६.० |
| कुल | **१५०** | **१००.०** |

**काई–वर्गमूल्य**: ७९.३२; **स्वातंत्र्यांश**: २;

**Pमूल्य**= <0.05; **तालिका मूल्य**:५.९९

तालिका क्रमांक २ में जम्मू जिले के महाविद्यालयीन स्तर पर हॅण्डबॉल खेलनेवाले खिलाड़ीयों के प्रभावकारीता व्यक्तित्व गुण विशेष की जानकारी प्रस्तुत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ८.० प्रतिशत हॅण्डबॉल खिलाड़ीयों की प्रभावकारीता का निष्पादन औसत से अधिक है, तथा २६.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की प्रभावकारीता का निष्पादन औसत और ६६.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की प्रभावकारीता का निष्पादन निम्न स्तर का पाया गया।

### ३.३ बहिर्मुखता व्यक्तित्व गुण विशेष

**तालिका क्र. ३:** हॅण्डबॉल खिलाड़ीयों के बहिर्मुखता व्यक्तित्व गुण विशेष स्तरकी जानकारी

| निष्पादन स्तर | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| **औसत से अधिक** | ८४ | ५६.० |
| **औसत** | ४९ | ३२.७ |
| **निम्न** | १७ | ११.३ |
| कुल | **१५०** | **१००.०** |

**काई–वर्गमूल्य**: ४४.९२; **स्वातंत्र्यांश**: २;

**Pमूल्य**= <0.05; **तालिका मूल्य**:५.९९

तालिका क्रमांक ३ में जम्मू जिले के महाविद्यालयीन स्तर पर हॅण्डबॉल खेलनेवाले खिलाड़ीयों के बहिर्मुखता व्यक्तित्व गुण विशेष की जानकारी प्रस्तुत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ५६.० प्रतिशत हॅण्डबॉल खिलाड़ीयों की बहिर्मुखता का निष्पादन औसत से अधिक है, तथा ३२.७ प्रतिशत खिलाड़ीयों की बहिर्मुखता का निष्पादन औसत और ११.३ प्रतिशत खिलाड़ीयों की बहिर्मुखता का निष्पादन निम्न स्तर का पाया गया।

### ३.४ रूढीवादीता व्यक्तित्व गुण विशेष

**तालिका क्र. ४:** हॅण्डबॉल खिलाड़ीयों के रूढीवादीता व्यक्तित्व गुण विशेष स्तर की जानकारी

| निष्पादन स्तर | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| **औसत से अधिक** | ७८ | ५२.० |
| **औसत** | ५४ | ३६.० |
| **निम्न** | १८ | १२.० |
| कुल | **१५०** | **१००.०** |

**काई–वर्गमूल्य**: ३६.४८; **स्वातंत्र्यांश**: २;

**Pमूल्य**= <0.05; **तालिका मूल्य**:५.९९

तालिका क्रमांक ४ में जम्मू जिले के महाविद्यालयीन स्तर पर हॅण्डबॉल खेलनेवाले

खिलाड़ीयों के रूढीवादीता व्यक्तित्व गुण विशेष की जानकारी प्रस्तुत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ५२.० प्रतिशत हॅण्डबॉल खिलाड़ीयों की रूढीवादीता का निष्पादन औसत से अधिक है, तथा ३६.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की रूढीवादीता का निष्पादन औसत और १२.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की रूढीवादीता का निष्पादन निम्न स्तर का पाया गया।

### ३.५ आत्म अवधारण व्यक्तित्व गुण विशेष

**तालिका क्र. ५:** हॅण्डबॉल खिलाड़ीयों के आत्म अवधारण व्यक्तित्व गुण विशेष स्तरकी जानकारी

| निष्पादन स्तर | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| **औसत से अधिक** | ४० | २६.७ |
| **औसत** | ८४ | ५६.० |
| **निम्न** | २६ | १७.३ |
| कुल | **१५०** | **१००.०** |

**काई–वर्गमूल्य:** ३६.६४; **स्वातंत्र्यांश:** २;

**Pमूल्य**= <0.05; **तालिका मूल्य**:५.९९

तालिका क्रमांक ५ में जम्मू जिले के महाविद्यालयीन स्तर पर हॅण्डबॉल खेलनेवाले खिलाड़ीयों के आत्म अवधारण व्यक्तित्व गुण विशेष की जानकारी प्रस्तुत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार २६.७ प्रतिशत हॅण्डबॉल खिलाड़ीयों की आत्म अवधारण का निष्पादन औसत से अधिक है, तथा ५६.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की आत्म अवधारण का निष्पादन औसत और १७.३ प्रतिशत खिलाड़ीयों की आत्म अवधारण का निष्पादन निम्न स्तर का पाया गया।

### ३.६ मानसिक कठोरता

**तालिका क्र. ६:** हॅण्डबॉल खिलाड़ीयों के मानसिक कठोरता व्यक्तित्व गुण विशेष स्तरकी जानकारी

| निष्पादन स्तर | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| **औसत से अधिक** | ७४ | ४९.३ |
| **औसत** | ५२ | ३४.७ |
| **निम्न** | २४ | १६.० |
| कुल | **१५०** | **१००.०** |

**काई–वर्गमूल्य:** २५.१२; **स्वातंत्र्यांश:** २;

**Pमूल्य**= <0.05; **तालिका मूल्य**:५.९९

तालिका क्रमांक ६ में जम्मू जिले के महाविद्यालयीन स्तर पर हॅण्डबॉल खेलनेवाले खिलाड़ीयों के मानसिक कठोरता व्यक्तित्व गुण विशेष की जानकारी प्रस्तुत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ४९.३ प्रतिशत हॅण्डबॉल खिलाड़ीयों की मानसिक कठोरता का निष्पादन औसत से अधिक है, तथा ३४.७ प्रतिशत खिलाड़ीयों की मानसिक कठोरता का निष्पादन औसत और १६.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की मानसिक कठोरता का निष्पादन निम्न स्तर का पाया गया।

### ३.७ भावनात्मक स्थिरता व्यक्तित्व गुण विशेष

**तालिका क्र. ७:** हॅण्डबॉल खिलाड़ीयों के भावनात्मक स्थिरता व्यक्तित्व गुण विशेष स्तरकी जानकारी

| निष्पादन स्तर | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| **औसत से अधिक** | १०२ | ६८.० |
| **औसत** | ३९ | २६.० |
| **निम्न** | ९ | ६.० |
| कुल | **१५०** | **१००.०** |

**काई–वर्गमूल्य:** ९०.१२; **स्वातंत्र्यांश:** २;

**Pमूल्य**= <0.05; **तालिका मूल्य**:५.९९

तालिका क्रमांक ७ में जम्मू जिले के महाविद्यालयीन स्तर पर हॅण्डबॉल खेलनेवाले खिलाड़ीयों के भावनात्मक स्थिरता व्यक्तित्व गुण विशेष की जानकारी प्रस्तुत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ६८.० प्रतिशत हॅण्डबॉल खिलाड़ीयों की भावनात्मक स्थिरता का निष्पादन औसत से अधिक है, तथा २६.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की भावनात्मक स्थिरता का निष्पादन औसत और ६.० प्रतिशत खिलाड़ीयों की भावनात्मक स्थिरता का निष्पादन निम्न स्तर का पाया गया।

## ४.० निष्कर्ष और सुझाव

४.१ समाजशीलता

- प्रस्तुत संशोधनकार्य मे प्राप्त जानकारीके सांख्यिकिय विश्लेषण के आधारपर यह निष्कर्ष निकाला जाता है की, जम्मू जिले के अधिकतर महाविद्यालयीन स्तर पर हॅण्डबॉल खेलनेवाले खिलाड़ीयों के समाजशीलता

व्यक्तित्व गुण विशेष का निष्पादन औसत से अधिक है।

४.२ प्रभावकारीता

- प्रस्तुत संशोधनकार्य मे प्राप्त जानकारी के सांख्यिकिय विश्लेषण के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जाता है की, जम्मू जिले के अधिकतर महाविद्यालयीन स्तर पर हॅण्डबॉल खेलनेवाले खिलाड़ीयों के प्रभावकारीता व्यक्तित्व गुण विशेष का निष्पादन निम्न स्तर का है।

४.३ बहिमुर्खता

- प्रस्तुत संशोधनकार्य मे प्राप्त जानकारी के सांख्यिकिय विश्लेषण के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जाता है की, जम्मू जिले के अधिकतर महाविद्यालयीन स्तर पर हॅण्डबॉल खेलनेवाले खिलाड़ीयों के बहिर्मुखता व्यक्तित्व गुण विशेष का निष्पादन औसत से अधिक है।

४.४ रूढिवादीता

- प्रस्तुत संशोधनकार्य मे प्राप्त जानकारी के सांख्यिकिय विश्लेषण के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जाता है की, जम्मू जिले के अधिकतर महाविद्यालयीन स्तर पर हॅण्डबॉल खेलनेवाले खिलाड़ीयों के रूढीवादीता व्यक्तित्व गुण विशेष का निष्पादन औसत से अधिक है।

४.५ आत्म अवधारण

- प्रस्तुत संशोधनकार्य मे प्राप्त जानकारी के सांख्यिकिय विश्लेषण के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जाता है की, जम्मू जिले के अधिकतर महाविद्यालयीन स्तर पर हॅण्डबॉल खेलनेवाले खिलाड़ीयों के आत्म अवधारण व्यक्तित्व गुण विशेष का निष्पादन औसत स्तर का है।

४.६ मानसिक कठोरता

- प्रस्तुत संशोधनकार्य मे प्राप्त जानकारी के सांख्यिकिय विश्लेषण के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जाता है की, जम्मू जिले के अधिकतर महाविद्यालयीन स्तर पर हॅण्डबॉल खेलनेवाले खिलाड़ीयों के मानसिक कठोरता व्यक्तित्व गुण विशेष का निष्पादन औसत से अधिक है।

४.७ भावनात्मक स्थिरता

- प्रस्तुत संशोधनकार्य मे प्राप्त जानकारी के सांख्यिकिय विश्लेषण के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जाता है की, जम्मू जिले के अधिकतर महाविद्यालयीन स्तर पर हॅण्डबॉल खेलनेवाले खिलाड़ीयों के भावनात्मक स्थिरता व्यक्तित्व गुण विशेष का निष्पादन औसत से अधिक है।

५.० **संदर्भ ग्रंथ**


1. सिंह, अ., मनोविज्ञान, समाजशास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियां, २०१७
2. फाड़िया, बी.एल., शोध पद्धितयां, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स आगरा २०१९
3. आगलावे, प्र., सामाजिक संशोधन पद्धतीशास्त्र व तंत्रे, श्री साईनाथ प्रकाशन, नागपूर, सातवी आवृत्ती.
4. धुरी, न., संशोधन पध्दती, फडके प्रकाशन, कोल्हापूर, पहिली आवृत्ती २००८, पृ.क्र. १.
5. Dalkiran, M. A and Varol, Y. K. (2015). Investigation of Personality Characteristic of Secondary School Students According to Sport Branches, The Online Journal of Recreation and Sport, 4(3), pp. 23-39.
6. Inzenhofer, F. F., Lingner, V., Noël, K and Stefanie, K. (2020). Personality traits of handball goalkeepers, Journal of Human Sport and Exercise, 15(2), pp.283-293.
7. Kőnig-Görögh, D., Gyömbér, N., Szerdahelyi, Z., Laoues, N., Balogh, Z. O., Tóth-Hosnyánszki, A and Ökrös, C. (2017). Special issue: Mental aspects of sport performance Personality profiles of junior handball players: Differences as a function of age, gender, and playing positions, An Interdisciplinary Journal, 21(4), doi:10.24193/cbb.2017.21.15
8. Kumar, F. A and Pathak, M. K. (2020). A comparative study of personality makes up among handball and baseball players,

International Journal of Physical Education, Sports and Health,7(4), pp.137-139.

9. Predoi, A. (2017). Key Personality Traits of Former Handball Players Which Can Facilitate A Successful Career, Physical Education, Sport and Kinetotherapy Journal, 8(2).
10. Rogulj, N., Nazor, M., Srhoj, V and Božin, D. (2006). Differences between competitively efficient and less efficient junior handball players according to their personality traits, Kinesiology, 38(2), https://hrcak.srce.hr/10205